This question paper contains 12 printed pages.

003632 **VAC-63T-209**

**B.A./B.Sc./B.Com. Three/Four Year (Semester - III)**
**EXAMINATION - Dec. 2025 (Held in Feb. 2026)**
**(Also Common to All other Undergraduate Programme under Arts/Fine-Arts/ Commerce/Science/Social Science Faculty for Regular Students)**

**(Value Added Course)**

# Cyber Law and Ethics

**Roll No. (In figures) :** 5902311

**रोल नम्बर (अंकों में) :** ..........

**Roll Number (in words) :** ..........

**रोल नम्बर (शब्दों में) :** ..........

**OMR Answer Sheet Serial Number :** ..........

**OMR उत्तर शीट का क्रमांक :** ..........

**Invigilator's Signature**
**परिवीक्षक के हस्ताक्षर**

| | |
|---|---|
| **Time : 1 Hour** | **Maximum Marks : 40** |
| **समय : 1 घंटा** | **अधिकतम अंक : 40** |

Write your roll number on question paper before start writing answer of questions.

प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व – प्रश्न–पत्र पर रोल नम्बर अवश्य लिखिए।

## GENERAL INSTRUCTIONS / सामान्य अनुदेश

1. Attempt all the 40 questions. Each question carries 1 mark.

   सभी 40 प्रश्न हल कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

2. Ensure that your question booklet has all the 40 questions. Defective booklets can be replaced within five minutes.

   यह सुनिश्चित कर ले कि आपके प्रश्न–पुस्तिका में सभी 40 प्रश्न हैं। यदि पुस्तिका त्रुटिपूर्ण है, तो उसे पांच मिनट के भीतर परिवर्तित किया जा सकता है।

3. Carefully read the instructions provided on the question booklet and OMR sheet before starting your answers. Use a blue or black ballpoint pen to fill all entries.

   उत्तर देने से पूर्व, प्रश्न पुस्तिका और OMR शीट पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़िये। सभी प्रविष्टियों को नीले या काले बॉल पॉइंट पेन से भरें।

4. Choose the best answer and darken the corresponding circle (A,B,C or D) on the OMR sheet with a black/blue ballpoint pen. Answers written in the question booklet will not be evaluated.

सर्वश्रेष्ठ संभावित उत्तर का चयन करें और OMR शीट पर उस प्रश्न के लिए संबंधित वृत्त (A,B,C या D) को नीले / काले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करें। प्रश्न–पुस्तिका में लिखे गए उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

5. If there is any difference between the English and Hindi versions, the English version will be considered correct.

अंग्रेजी और हिंदी संस्करण में कोई भिन्नता होने पर, अंग्रेजी संस्करण को सही माना जाएगा।

6. Darkening more than one circle for a question will be considered as a wrong answer. Once an answer is written, it should not be changed.

एक से अधिक वृत्त को गहरा करना गलत उत्तर के रूप में माना जाएगा। इसलिए, एक बार लिखा गया उत्तर बदलना नहीं चाहिए।

7. No marks will be deducted for questions not attempted or answered incorrectly.

प्रश्न न करने या गलत उत्तर देने पर कोई अंक नहीं काटा जाएगा।

8. Do not make any stray marks on the OMR answer sheet. Do not fold the OMR answer sheet. Rough work must be done on the blank sheet provided with the question booklet.

OMR उत्तर–पत्र पर कोई भी पहचान चिन्ह न लगायें। OMR उत्तर–पत्र को न मोड़ें। रफ कार्य को प्रश्न–पुस्तिका के साथ प्रदान किए गए खाली पत्र पर ही करे।

9. The OMR answer-sheet will be collected from you at your seat by the invigilator at the end of examination. No one will be allowed to leave their seat unless they have handed over the OMR answer-sheet to the invigilator.

परीक्षा के अन्त में OMR उत्तर–पत्र को आपकी सीट से परीक्षाधीक्षक द्वारा संग्रहीत किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति सीट से नहीं उठ सकता जब तक कि वह अपना OMR उत्तर–पत्र परीक्षाधीक्षक को हस्तांतरित नहीं कर देता।

10. Any candidate found removing pages from the booklet will be disqualified and may be prosecuted according to university rules.

किसी भी उम्मीदवार को प्रश्न–पुस्तिका से पन्ने हटाते पाया गया तो उसे परीक्षा के अयोग्य माना जाएगा तथा विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

11. Using unfair means for copying or writing down questions from the booklet will disqualify the candidate from the examination.

किसी भी अनुचित साधनों का उपयोग करने या प्रश्न पुस्तिका से प्रश्न लिखने या कॉपी करने की स्थिति में उम्मीदवार को परीक्षा से अयोग्य माना जाएगा।

12. Mobile phones, calculators, or any electronic devices are not allowed in the examination hall.

मोबाइल फोन, कैलकुलेटर या किसी भी ऐसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का परीक्षा कक्ष में रखने की अनुमति नहीं है।

13. Any complaints against the questions in the booklet should be submitted to the Centre Superintendent immediately after the examination.

प्रश्न–पुस्तिका में किसी प्रश्न से सम्बंधित यदि कोई शिकायत हो, तो उसे परीक्षा के बाद केंन्द्र अधीक्षक को लिखित शिकायत कीजिए।

14. No candidate will be allowed to leave the hall before the end of the examination.

किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा पूर्ण होने से पूर्व हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

1. "Cyber Law" means:-

(A) Law governing computers only

(B) Law governing crimes committed through computers and internet both

(C) Law governing software development only

(D) Law governing electronic commerce only

2. Who coined the term "Cyberspace"?

(A) Bill Gates

(B) Alan Turing

(C) William Gibson

(D) Tim Berners-Lee

3. Cyberspace can best be described as:

(A) A physical place

(B) A legal jurisdiction

(C) A virtual environment created by interconnected networks

(D) A satellite system

4. Cyber jurisprudence deals with:

(A) Ethical hacking only

(B) Application of jurisprudential principles to cyberspace

(C) Computer engineering only

(D) Hardware manufacturing only

5. "Web space" refers to:

(A) Entire cyberspace

(B) Physical server location

(C) Portion of cyberspace accessible through the World Wide Web

(D) Internet hardware

1. ''साइबर विधि'' का अर्थ है:

(A) केवल कंप्यूटरों से संबंधित विधि

(B) कंप्यूटर और इंटरनेट दोनों के माध्यम से किए गए अपराधों से संबंधित विधि

(C) केवल सॉफ्टवेयर विकास से संबंधित विधि

(D) केवल इलेक्ट्रॉनिक वाणिज्य से संबंधित विधि

2. ''साइबरस्पेस'' शब्द किसने गढ़ा?

(A) बिल गेट्स

(B) एलन ट्यूरिंग

(C) विलियम गिब्सन

(D) टिम बर्नर्स–ली

3. साइबरस्पेस को सबसे सटीक रूप से किस रूप में वर्णित किया जा सकता है:

(A) एक भौतिक स्थान

(B) एक कानूनी क्षेत्राधिकार

(C) परस्पर जुड़े नेटवर्क द्वारा निर्मित एक आभासी वातावरण

(D) एक उपग्रह प्रणाली

4. साइबर न्यायशास्त्र निम्नलिखित में से किससे संबंधित है:

(A) केवल एथिकल हैकिंग

(B) साइबरस्पेस में न्यायशास्त्रीय सिद्धांतों का अनुप्रयोग

(C) केवल कंप्यूटर इंजीनियरिंग

(D) केवल हार्डवेयर निर्माण

5. ''वेब स्पेस'' से तात्पर्य है:

(A) संपूर्ण साइबरस्पेस

(B) भौतिक सर्वर स्थान

(C) वर्ल्ड वाइड वेब के माध्यम से सुलभ साइबरस्पेस का भाग

(D) इंटरनेट हार्डवेयर

6. "Web hosting" means:

(A) Designing a website

(B) Storing website data on servers connected to the internet

(C) Registering a domain name

(D) Writing source code

7. Domain names are legally significant because they:

(A) Identify hardware

(B) Act as business identifiers and intellectual property

(C) Control internet speed

(D) Provide email services

8. Which of the following best describes a domain name?

(A) IP address

(B) Human-readable internet address

(C) Programming language

(D) Web browser

9. Internet as a tool for global access primarily enables:

(A) Local communication only

(B) Restricted information sharing

(C) Worldwide exchange of information and services

(D) Hardware manufacturing

10. Which agreement governs ownership and intellectual property in website creation?

(A) Hosting agreement

(B) Web development agreement

(C) ISP license

(D) User policy

6. ''वेब होस्टिंग'' का अर्थ है:

(A) वेबसाइट डिजाइन करना

(B) वेबसाइट डेटा को इंटरनेट से जुड़े सर्वरों संग्रहित करना

(C) डोमेन नाम पंजीकृत करना

(D) सोर्स कोड लिखना

7. डोमेन नाम कानूनी रूप से महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे:

(A) हार्डवेयर की पहचान करते है

(B) व्यावसायिक पहचानकर्ता और बौद्धिक संपदा रूप में कार्य करते हैं

(C) इंटरनेट की गति को नियंत्रित करते हैं

(D) ईमेल सेवाएं प्रदान करते हैं

8. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प डोमेन नाम का सबसे सटीक वर्णन करता है?

(A) आईपी पता

(B) मानव–पठनीय इंटरनेट पता

(C) प्रोग्रामिंग भाषा

(D) वेब ब्राउज़र

9. वैश्विक पहुंच के साधन के रूप में इंटरनेट मुख्य रूप से सक्षम बनाता है:

(A) केवल स्थानीय संचार

(B) सीमित सूचना साझाकरण

(C) विश्वव्यापी सूचना और सेवाओं का आदान–प्रदान

(D) हार्डवेयर निर्माण

10. वेबसाइट निर्माण में स्वामित्व और बौद्धिक संपदा को कौन सा समझौता नियंत्रित करता है?

(A) होस्टिंग समझौता

(B) वेब विकास समझौता

(C) आईएसपी लाइसेंस

(D) उपयोगकर्ता नीति

11. The primary objective of the Information Technology Act, 2000 is to:

(A) Regulate computer manufacturing

✓(B) Provide legal recognition to electronic transactions

(C) Control internet usage

(D) Regulate cyber cafés

12. The Information Technology Act, 2000 came into force on:

(A) Ist January 1999

✓(B) 17th October 2000

(C) 15th August 2000

(D) 26th January 2001

13. The IT Act, 2000 is primarily based on which international model law?

(A) WTO Agreement

(B) UNCITRAL Model Law on E-Commerce

(C) TRIPS Agreement

✓(D) Budapest Convention

14. Digital signature under the IT Act is based on:

(A) Biometric Verification

✓(B) Cryptography

(C) Password authentication

(D) OTP verification

15. Cryptography mainly ensures:

(A) Speed of internet

✓(B) Confidentiality, integrity, and authentication

(C) Storage capacity

(D) Network connectivity

11. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

(A) कंप्यूटर निर्माण को विनियमित करना

(B) इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन को कानूनी मान्यता प्रदान करना

(C) इंटरनेट के उपयोग को नियंत्रित करना

(D) साइबर कैफे को विनियमित करना

12. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 किस तिथि से लागू हुआ?

(A) 1 जनवरी 1999

(B) 17 अक्टूबर 2000

(C) 15 अगस्त 2000

(D) 26 जनवरी 2001

13. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 मुख्य रूप से किस अंतर्राष्ट्रीय आदर्श कानून पर आधारित है?

(A) विश्व व्यापार संगठन (WTO) समझौता

(B) ई–कॉमर्स पर UNCITRAL आदर्श कानून

(C) TRIPS समझौता

(D) बुडापेस्ट सम्मेलन

14. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत डिजिटल हस्ताक्षर किस पर आधारित है:

(A) बायोमेट्रिक सत्यापन

(B) क्रिप्टोग्राफी

(C) पासवर्ड प्रमाणीकरण

(D) ओटीपी सत्यापन

15. क्रिप्टोग्राफी मुख्य रूप से सुनिश्चित करती है:

(A) इंटरनेट की गति

(B) गोपनीयता, अखंडता और प्रमाणीकरण

(C) भंडारण क्षमता

(D) नेटवर्क कनेक्टिविटी

16. Section 4 of the IT Act provides legal recognition to:

(A) Digital signatures

(B) Electronic records

(C) Cyber crimes

(D) Certifying authorities

17. The primary function of Certifying Authorities is to:

(A) Investigate cyber crimes

(B) Issue digital signature certificates

(C) Regulate ISPs

(D) Adjudicate disputes

18. "Cyber terrorism" is punishable under which section of IT Act:

(A) Section 66F

(B) Section 67A

(C) Section 69A

(D) Section 72

19. Network Service Providers are not liable if they prove:

(A) They owned the content

(B) Due diligence and lack of knowledge

(C) The offence was serious

(D) The user was anonymous

20. Cyber Regulations Appellate Tribunal (CRAT) was established under:

(A) Section 48

(B) Section 61

(C) Section 62

(D) Section 65

16. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 4 निम्नलिखि को कानूनी मान्यता प्रदान करती है:

(A) डिजिटल हस्ताक्षर

(B) इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड

(C) साइबर अपराध

(D) प्रमाणन प्राधिकारी

17. प्रमाणन प्राधिकारियों का प्राथमिक कार्य है:

(A) साइबर अपराधों की जांच करना

(B) डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र जारी करना

(C) इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (ISP) को विनियमित करना

(D) विवादों का निपटारा करना

18. "साइबर आतंकवाद" सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की किस धारा के अंतर्गत दंडनीय है?

(A) धारा 66F

(B) धारा 67A

(C) धारा 69A

(D) धारा 72

19. नेटवर्क सेवा प्रदाता उत्तरदायी नहीं होंगे यदि वे यह सिद्ध कर दें:

(A) सामग्री उनकी थी

(B) उचित सावधानी बरती गई और उन्हें जानकारी का अभाव था

(C) अपराध गंभीर था

(D) उपयोगकर्ता अज्ञात था

20. साइबर विनियम अपीलीय न्यायाधिकरण (सीआरएटी) की स्थापना किसके अंतर्गत हुई:

(A) धारा 48

(B) धारा 61

(C) धारा 62

(D) धारा 65

21. The primary importance of cyber law lies in its ability to:

(A) Control computer manufacturing

(B) Regulate online behaviour and digital transactions

(C) Replace traditional laws

(D) Controlling computer programing

22. Cyber ethics primarily deals with:

(A) Technical programming standards

(B) Moral behaviour and responsibility in cyberspace

(C) Internet speed and access

(D) Cyber crime investigation

23. Which of the following is a key ethical concern in the information society?

(A) Bandwidth allocation

(B) Data privacy and surveillance

(C) Computer speed

(D) Network cabling

24. Artificial Intelligence ethics primarily addresses:

(A) Coding errors

(B) Moral issues arising from intelligent machines

(C) Hardware manufacturing

(D) Internet governance

25. Which of the following is NOT a core concern of AI (Artificial Intelligence) ethics?

(A) Bias and discrimination

(B) Transparency

(C) Accountability

(D) Internet speed

21. साइबर विधि का प्राथमिक महत्व इसकी क्षमता में निहित है:

(A) कंप्यूटर निर्माण को नियंत्रित करना

(B) ऑनलाइन व्यवहार और डिजिटल लेनदेन को विनियमित करना

(C) पारंपरिक कानूनों को प्रतिस्थापित करना

(D) कंप्यूटर प्रोग्रामिंग को नियंत्रित करना

22. साइबर नैतिकता मुख्य रूप से किससे संबंधित है?

(A) तकनीकी प्रोग्रामिंग मानक

(B) साइबरस्पेस में नैतिक व्यवहार और उत्तरदायित्व

(C) इंटरनेट की गति और पहुँच

(D) साइबर अपराध की जाँच

23. निम्नलिखित में से कौन सा सूचना समाज में एक प्रमुख नैतिक चिंता का विषय है?

(A) बैंडविड्थ आवंटन

(B) डेटा गोपनीयता और निगरानी

(C) कंप्यूटर की गति

(D) नेटवर्क केबलिंग

24. कृत्रिम बुद्धिमत्ता नैतिकता मुख्य रूप से संबोधित करती है:

(A) कोडिंग त्रुटियाँ

(B) बुद्धिमान मशीनों से उत्पन्न नैतिक मुद्दे

(C) हार्डवेयर निर्माण

(D) इंटरनेट प्रशासन

25. निम्नलिखित में से कौन सा कृत्रिम बुद्धिमत्ता नैतिकता का मुख्य विषय नहीं है?

(A) पूर्वाग्रह और भेदभाव

(B) पारदर्शिता

(C) जवाबदेही

(D) इंटरनेट की गति

26. Algorithmic bias in AI (Artificial Intelligence) systems refers to:

(A) Fast processing of data

(B) Neutral decision-making

(C) Discriminatory outcomes due to biased data or design

(D) Hardware malfunction

26. कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणालियों में एल्गोरिथम पूर्वाग्रह से तात्पर्य है:

(A) डेटा का तीव्र प्रसंस्करण

(B) निष्पक्ष निर्णय लेना

(C) पक्षपातपूर्ण डेटा या डिज़ाइन के कारण भेदभावपूर्ण परिणाम

(D) हार्डवेयर की खराबी

27. Blockchain ethics mainly concerns:

(A) Cryptocurrency prices

(B) Ethical use of decentralized technologies

(C) Internet service providers

(D) Hardware security

27. ब्लॉकचेन नैतिकता मुख्य रूप से किससे संबंधित है?

(A) क्रिप्टोकरेंसी की कीमतें

(B) विकेंद्रीकृत प्रौद्योगिकियों का नैतिक उपयोग

(C) इंटरनेट सेवा प्रदाता

(D) हार्डवेयर सुरक्षा

28. The concept of "digital dignity" is closely associated with:

(A) Cyber hardware

(B) Cyber ethics and human rights

(C) Internet pricing

(D) Data storage

28. "डिजिटल गरिमा" की अवधारणा किससे निकटता से संबंधित है:

(A) साइबर हार्डवेयर

(B) साइबर नैतिकता और मानवाधिकार

(C) इंटरनेट मूल्य निर्धारण

(D) डेटा संग्रहण

29. The ultimate goal of cyber law, cyber ethics, AI ethics, and blockchain ethics is to:

(A) Promote technology at any cost

(B) Restrict innovation

(C) Ensure responsible, fair, and human-centric use of technology

(D) Eliminate digital platforms

29. साइबर विधि, साइबर नैतिकता, एआई नैतिकता और ब्लॉकचेन नैतिकता का अंतिम लक्ष्य क्या है?

(A) किसी भी कीमत पर प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना

(B) नवाचार को प्रतिबंधित करना

(C) प्रौद्योगिकी के जिम्मेदार, निष्पक्ष और मानव–केंद्रित उपयोग को सुनिश्चित करना

(D) डिजिटल प्लेटफॉर्मों को समाप्त करना

30. Accountability in AI (Artificial Intelligence) ethics implies:

(A) Machines are legally liable

(B) No one is responsible for AI decisions

(C) Humans and organizations are responsible for AI outcomes

(D) Only programmers are responsible

30. एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) नैतिकता में जवाबदेही का तात्पर्य है:

(A) मशीनें कानूनी रूप से उत्तरदायी हैं

(B) एआई निर्णयों के लिए कोई भी जिम्मेदार नहीं है

(C) एआई परिणामों के लिए मनुष्य और संगठन जिम्मेदार हैं

(D) केवल प्रोग्रामर ही जिम्मेदार हैं

31. Intellectual Property Rights primarily protect:

(A) Physical property

(B) Ideas in abstract

✓(C) Creations of the human intellect

(D) Natural resources

32. Patent protection is granted for:

(A) Literary works

(B) Trade names

✓(C) New, useful, and non-obvious inventions

(D) Confidential information

33. "Plagiarism" refers to:

(A) Fair use of content

(B) Independent creation

✓(C) Presenting someone else's work as one's own

(D) Reverse engineering

34. "Reverse engineering" is best described as:

(A) Copying copyrighted software illegally

✓(B) Decompiling a product to understand its functioning

(C) Stealing trade secrets

(D) Plagiarism

35. "Open source software" is characterized by:

(A) Proprietary ownership

(B) Restricted access to source code

✓(C) Free availability of source code

(D) Mandatory payment of license fees

31. बौद्धिक संपदा अधिकार मुख्य रूप से किसकी रक्षा करते हैं?

(A) भौतिक संपत्ति

(B) अमूर्त विचार

(C) मानव बुद्धि की रचनाएँ

(D) प्राकृतिक संसाधन

32. पेटेंट संरक्षण किसके लिए प्रदान किया जाता है?

(A) साहित्यिक कृतियाँ

(B) व्यापारिक नाम

(C) नए, उपयोगी और अस्पष्ट आविष्कार

(D) गोपनीय जानकारी

33. "साहित्यिक चोरी" से तात्पर्य है:

(A) विषयवस्तु का उचित उपयोग

(B) स्वतंत्र रचना

(C) किसी और के काम को अपना बताकर प्रस्तुत करना

(D) रिवर्स इंजीनियरिंग

34. "रिवर्स इंजीनियरिंग (अभियांत्रीकरण)" को सबसे उपयुक्त रूप से कैसे परिभाषित किया जा सकता है:

(A) कॉपीराइटेड सॉफ्टवेयर की अवैध रूप से नकल करना

(B) किसी उत्पाद की कार्यप्रणाली को समझने के लिए उसे डीकंपाइल करना

(C) व्यापारिक रहस्यों की चोरी करना

(D) साहित्यिक चोरी

35. "ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर" की विशेषताएँ हैं:

(A) स्वामित्व

(B) स्त्रोत कोड तक सीमित पहुँच

(C) स्त्रोत कोड की निःशुल्क उपलब्धता

(D) लाइसेंस शुल्क का अनिवार्य भुगतान

36. "Trademark infringement" occurs when:

(A) A mark is registered

(B) A mark is used with permission

(C) A confusingly similar mark is used without authorization

(D) A mark expires

37. "Cybersquatting" involves:

(A) Hacking websites

(B) Registering domain names identical to trademarks in bad faith

(C) Hosting illegal content

(D) Online defamation

38. Which strategy helps in developing quality software?

(A) Ignoring testing

(B) Continuous integration and testing

(C) Skipping documentation

(D) Minimal user feedback

39. H-1B workers are:

(A) Illegal immigrants

(B) Domestic contract workers

(C) Skilled foreign professionals working temporarily

(D) Unskilled labourers

40. "Green Computing" refers to:

(A) Increasing hardware production

(B) Environmentally sustainable use of computing resources

(C) Faster computing

(D) Cloud gaming

36. ''ट्रेडमार्क उल्लंघन'' तब होता है जब:

(A) कोई चिन्ह पंजीकृत हो

(B) किसी चिन्ह का उपयोग अनुमति से किया जाता है

(C) किसी भ्रामक रूप से मिलते–जुलते चिन्ह का उपयोग बिना अनुमति के किया जाता है

(D) किसी चिन्ह की वैधता समाप्त हो जाती है

37. ''साइबरस्क्वैटिंग'' में शामिल हैं:

(A) वेबसाइटों को हैक करना

(B) ट्रेडमार्क के समान डोमेन नाम गलत इरादे से पंजीकृत करना

(C) अवैध सामग्री होस्ट करना

(D) ऑनलाइन मानहानि

38. गुणवत्तापूर्ण सॉफ़्टवेयर विकसित करने में कौन सी रणनीति सहायक होती है?

(A) परीक्षण की अनदेखी

(B) निरंतर एकीकरण और परीक्षण

(C) दस्तावेज़ीकरण को छोड़ देना

(D) न्यूनतम उपयोगकर्ता प्रतिक्रिया

39. एच–1बी श्रमिक कौन है:

(A) अवैध अप्रवासी

(B) घरेलू संविदा श्रमिक

(C) अस्थायी रूप से काम करने वाले कुशल विदेशी पेशेवर

(D) अकुशल श्रमिक

40. ''ग्रीन कंप्यूटिंग (हरित संगणना)'' से तात्पर्य है:

(A) हार्डवेयर उत्पादन में वृद्धि

(B) कंप्यूटिंग संसाधनों का पर्यावरण के अनुकूल उपयोग

(C) तीव्र कंप्यूटिंग

(D) क्लाउड गेमिंग